Under CSR Support by ipca | Foundation missiongyan

## अध्याय - 8 | व्यावसायिक वित्त के स्रोत

**QUIZ PART-12**

1. **भारतीय औद्योगिक वित्त निगम (IFCI) की स्थापना किस वर्ष हुई?**

   A. 1955 B. 1948
   C. 1964 D. 1951 (B)

*व्याख्या :* IFCI की स्थापना औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948 के तहत हुई थी।

2. **IFCI का मुख्य उद्देश्य क्या है?**

   A. विदेशी व्यापार बढ़ाना
   B. केवल बड़े उद्योगों को ऋण देना
   C. प्राथमिकता वाले क्षेत्रीय विकास एवं नए उद्यमियों को प्रोत्साहन
   D. कृषि क्षेत्र के लिए वित्त उपलब्ध कराना (C)

*व्याख्या :* IFCI का उद्देश्य संतुलित क्षेत्रीय विकास और प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में नए उद्यमियों को बढ़ावा देना है।

3. **राज्य वित्त निगम (SFC) की स्थापना किस अधिनियम के अंतर्गत हुई?**

   A. कंपनी अधिनियम
   B. औद्योगिक विकास अधिनियम
   C. राज्य वित्त निगम अधिनियम, 1951
   D. बैंकिंग विनियमन अधिनियम (C)

*व्याख्या :* SFC की स्थापना राज्य वित्त निगम अधिनियम, 1951 के अंतर्गत की गई थी।

4. **SFC किनको वित्त उपलब्ध कराता है?**

   A. केवल बड़ी कंपनियों को
   B. सार्वजनिक कंपनियाँ, निजी कंपनियाँ, साझेदारी फर्म, एकल स्वामित्व इकाइयाँ
   C. केवल सरकारी संस्थानों को
   D. केवल सहकारी संस्थाओं को (B)

*व्याख्या :* SFC का कार्यक्षेत्र इनमें सभी प्रकार की औद्योगिक इकाइयों को वित्त उपलब्ध कराना है।

5. **भारतीय औद्योगिक साख एवं निवेश निगम (ICICI) की स्थापना कब हुई?**

   A. 1948 B. 1964
   C. 1955 D. 1997 (C)

*व्याख्या :* ICICI की स्थापना 1955 में कंपनी अधिनियम के अंतर्गत हुई थी।

6. **ICICI का एक महत्वपूर्ण उद्देश्य क्या है?**

   A. कृषि विकास
   B. विदेशी पूँजी बढ़ाना और निजी क्षेत्र के उद्यमों को सहायता
   C. छोटे दुकानों को ऋण प्रदान करना
   D. ग्रामीण उद्योगों को सहायता (B)

*व्याख्या :* ICICI निजी क्षेत्र के औद्योगिक इकाइयों को सहायता देता है और विदेशी पूँजी बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करता है।

7. **भारतीय औद्योगिक विकास बैंक (IDBI) किस वर्ष बनाया गया?**

   A. 1956
   B. 1948
   C. 1997
   D. 1964 (D)

*व्याख्या :* IDBI की स्थापना औद्योगिक विकास बैंक अधिनियम, 1964 के अंतर्गत हुई।

8. **IDBI की प्रमुख भूमिका क्या है?**

   A. केवल कृषि वित्त
   B. वित्तीय संस्थानों व औद्योगिक इकाइयों को सीधे सहायता
   C. बीमा प्रदान करना
   D. केवल अल्पकालिक ऋण (B)

*व्याख्या :* IDBI का उद्देश्य औद्योगिक इकाइयों और वित्तीय संस्थानों को सहायता प्रदान करना है।

9. **भारतीय यूनिट ट्रस्ट (UTI) की स्थापना कब हुई?**

   A. 1955
   B. 1964
   C. 1997
   D. 1951 (B)

*व्याख्या :* UTI की स्थापना यूनिट ट्रस्ट ऑफ इंडिया अधिनियम, 1964 के तहत हुई।

10. **UTI का एक प्रमुख उद्देश्य क्या है?**

    A. केवल बीमा कार्य करना
    B. जनता की बचत को उत्पादक उपक्रमों में निवेश हेतु प्रेरित करना
    C. केवल बैंकिंग सुविधा प्रदान करना
    D. विदेशी व्यापार को बढ़ावा देना (B)

*व्याख्या :* UTI जनता की बचत को इकट्ठा कर उन्हें उत्पादक परियोजनाओं में निवेश करने हेतु प्रेरित करता है।

मिशन ज्ञान
जब चाहे, जहाँ चाहे, जैसे चाहे!
100% FREE!
VIDEO COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES
Download Mission Gyan App